# डेंगू-मलेरिया से निपटने सभी विभाग उठाएं कदम

- कलेक्टर सिंह ने सभी विभाग प्रमुखों को लिखा पत्र
- अपने स्तर पर योजना बनाएं तत्काल कार्रवाई भी करें



**भोपाल, 8 अगस्त. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने जिले में डेंगू, मलेरिया, चिकन गुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम और नियंत्रण के लिए सभी विभागों को समन्वित प्रयास करने के निर्देश जारी किए हैं.**

इस संबंध में समस्त विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर उन्होंने अपने-अपने स्तर पर ठोस कार्ययोजना बनाने और तत्काल कार्रवाई शुरू करने को कहा है. कलेक्टर द्वारा जारी निर्देशों के तहत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में जलभराव प्रबंधन, नियमित साफ-सफाई, स्प्रे और लार्वा नष्टीकरण की कार्रवाई सुनिश्चित करें. शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग को विद्यालयों और महाविद्यालयों में विद्यार्थियों को बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें. शिक्षकों का प्रशिक्षण कराने और एनसीसी एवं एनएसएस के छात्रों को जागरूकता अभियान में शामिल करें. वहीं मत्स्यपालन विभाग को गेंबूशिया मछली उपलब्ध कराएं. लोक निर्माण विभाग को निर्माण स्थलों पर जलभराव रोकने, विभागीय भवनों में मच्छररोधी जालियां और मच्छरदानी का उपयोग सुनिश्चित करना होगा. साथ ही संबंधित निर्माण एजेंसियों को आवश्यक निर्देश जारी करने के लिए कहा गया है.

> इसी प्रकार खनिज विभाग को खदानों में जल जमाव रोकने और साप्ताहिक सफाई अभियान चलाने तथा सिंचाई विभाग सहित अन्य विभागों को भी जलभराव की रोकथाम और मच्छरों के प्रजनन स्थल समाप्त करने के निर्देश जारी किए गए हैं. जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती स्मृता नामदेव ने बताया कि यह अभियान तभी सफल होगा जब सभी विभाग स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर कार्य करेंगे, जिससे शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में मलेरिया और डेंगू के मामलों में प्रभावी कमी लाई जा सकेगी. कलेक्टर ने कहा कि मच्छरजनित बीमारियों की रोकथाम केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह सामूहिक प्रयास का विषय है और विभागीय सहभागिता तथा जनसहयोग से ही नागरिकों के स्वास्थ्य और जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है.

मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में नियमित फॉगिंग, स्प्रे और सफाई अभियान चलाने, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण विभाग को सभी छात्रावासों में मच्छरदानी उपयोग और जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने, महिला एवं बाल विकास विभाग को आंगनवाड़ी स्तर पर मलेरिया विभाग के साथ मिलकर भ्रमण करने, लार्वा नष्टीकरण के लिए लोगों को प्रेरित करने और जनजागरूकता फैलाने के निर्देश दिए गए हैं.

# हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता अभियान



**भोपाल, 8 अगस्त. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशन में भोपाल जिले में 'हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता: स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग' अभियान के अंतर्गत जिले वासियों को हर घर झंडा फहराने का संदेश देने के लिए भोपाल जिले के सभी शासकीय स्कूलों में रंगोली, निबंध, तिरंगा राखी एवं अन्य गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है.**

इसके साथ ही ग्राम पंचायतों में बैनर पोस्टर एवं फ्लेक्स के माध्यम ग्राम पंचायत में भी अनेक गितिविधियों का आयोजन किया जा रहा है. द्वितीय चरण 09 से 12 अगस्त तक जिले में तिरंगा रैली एवं मानव श्रृंखला का आयोजन किया जाएगा. तृतीय चरण 13 से 15 अगस्त तक आयोजित होगा.



# त्योहारों पर नींद से जागा खाद्य विभाग, कई प्रतिष्ठानों की जांच

**भोपाल, 8 अगस्त. कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह के निर्देशानुसार खाद्य सुरक्षा विभाग भोपाल द्वारा शहर के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का सतत निरीक्षण जारी है. इस दौरान मिलावट की जांच के लिए बड़ी संख्या में खाद्य पदार्थों के नमूने संगृहित किए गए.**

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सोनागिरी स्थित अश्विनी अमृतमूल्य से अश्विनी अमृतमूल्य का नमूना, चूनाभट्टी स्थित छप्पन भोग से मलाई बर्फी, कोलार रोड स्थित श्याम डेयरी एंड स्वीट्स से मावा, सलैया स्थित बीकानेर नमकीन सेंटर से मावा पेडा एवं पतिसा, अयोध्या बायपास स्थित राजस्थान मिष्ठान भण्डार से सोनपपड़ी, बेसन लड्डू एवं नमकीन के नमूने लिए.

इसी तरह कोलार स्थित मुरैना गजक एंड डेयरी से मिल्क केक एवं रसगुल्ला, शाहपुरा स्थित मुंबई बड़ा पाव से तेल, मंगलवारा स्थित महेन्द्र मावा भण्डार से मावा, नेहरू नगर स्थित मधुरम स्वीट्स से मिठाई कुंदा, पिपलानी स्थित लॉडर्स कृष्णा ट्रेडर्स से तिलोनी तिल तेल, गोपाल डेयरी से पनीर, मावा एवं दही, विदिशा रोड बैरसिया स्थित श्रीराम किराना से हर्षित नमकीन, कोलार स्थित मिलन नमकीन से राज बर्फी, पिस्ता पेडा एवं लौंग सेव, वाहे गुरु डेयरी से मावा, अयोध्या बायपास स्थित महालक्ष्मी बीकानेर स्वीट्स से मलाई टिकिया, मलाई पेडा एवं सोनपपड़ी, सलैया स्थित मेसर्स चाय हो जाए से मैंदा व दही, जैन डेयरी कोलार से मावा, मंगलवारा छावनी रोड स्थित आनंद मावा से घी एवं मावा के नमूने जांच के लिए राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए.

> खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि निरीक्षण के दौरान कई संस्थानों में गंदगी, अस्वच्छ निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय की स्थितियां पाई गईं, साथ ही लाइसेंस एवं फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड प्रदर्शित न होने पर धारा 32 के तहत नोटिस दिए गए हैं. जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर संबंधित के खिलाफ अधिनियम अनुसार कार्यवाही की जाएगी.



## पिपलानी : गड्ढों में गायब सड़क

**भोपाल.** राजधानी की बेआबरू होती सड़कों की हालत किसी से छिपी नहीं है. यह सिस्टम की लापरवाही पॉश इलाके से लेकर शहर के आउटर की कॉलोनियों की तस्वीरें चीख-चीख कर अपनी स्थिति बता रही हैं, लेकिन अधिकारियों का ध्यान है कि इधर जाता नहीं है. यह तस्वीर भेल के पिपलानी बी सेक्टर के 40 क्वाटर की है, जो सिस्टम की दुर्दशा खुद-ब-खुद बयां कर रही है.

## ओबीसी बाहुल्य क्षेत्र में शैक्षणिक संस्थान खुलें

**भोपाल.** समग्र पिछड़ा वर्ग सामाजिक संगठन मध्य प्रदेश के प्रदेश संयोजक राम विश्वास कुशवाहा ने राज्य सरकार से अपील की है कि ओबीसी बाहुल्य आबादी वाले क्षेत्रों में गुणवत्ता पूर्ण शासकीय शैक्षणिक संस्थान खोलने की समसामयिक आवश्यकता है. कुशवाहा ने कहा कि ओबीसी की अधिकांश आबादी आर्थिक रूप से कमजोर है, जिस कारण अच्छे निजी शैक्षणिक संस्थाओं में बच्चों को शिक्षा दिलाने में सक्षम नहीं है। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की है कि ओबीसी बाहुल्य आबादी वाले ग्रामों, नगरों में उत्कृष्ट स्तर के शासकीय शैक्षणिक संस्थान खोले जाएं.

# दिग्विजय को मंच पर ले गए सिंधिया



**भोपाल, 8 अगस्त. एक वीडियो सामने आने के बाद एमपी की सियासत में अटकलों का दौर शुरू हो गया है. ऐसी तस्वीर लोगों को करीब पांच साल बाद देखने को मिली है.**

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह का हाथ पकड़कर ज्योतिरादित्य सिंधिया ले जाते हुए दिख रहे हैं. वीडियो सामने आने के बाद अटकलों का बाजार गरम हो गया है. दरअसल, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भोपाल स्थित एक निजी स्कूल के उद्घाटन समारोह में पहुंचे थे. यह स्कूल भोपाल के रतीबड़ इलाके में है. कार्यक्रम में पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह भी अपनी पत्नी के साथ मौजूद थे. वहीं, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मंच पर बैठे हुए थे. तभी उनकी नजर सामने की ओर कुर्सी पर पड़ी, जहां दिग्विजय सिंह बैठे हुए थे. ज्योतिरादित्य सिंधिया मंच से नीचे उतरते हैं और दिग्विजय सिंह की ओर बढ़ते हैं. दिग्विजय सिंह के पास पहुंचने के बाद ज्योतिरादित्य सिंधिया पहले हाथ जोड़कर उनका अभिवादन करते हैं. इसके बाद हाथ पकड़कर उन्हें मंच पर ले जाते हैं. इस पल को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं. कार्यक्रम में मौजूद मीडियाकर्मियों के कैमरे उनकी ओर घूम जाते हैं.

# फर्जी वोटिंग के खुलासे से भाजपा बौखलाई

## पटवारी बोले-राहुल गांधी के खुलासे से भाजपा की उड़ी नींद

**भोपाल, 8 अगस्त. मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा फर्जी वोटिंग को लेकर किए गए सनसनीखेज खुलासे ने भाजपा की नींद उड़ा दी है और उनके नेताओं की बौखलाहट अब उनके बयानों में साफ़ झलक रही है.**

पटवारी ने कहा कि राहुल गांधी ने प्रेस वार्ता में स्पष्ट रूप से बताया कि किस तरह चुनावी प्रक्रिया में सुनियोजित तरीके से धांधली कर लोकतंत्र को कमजोर किया जा रहा है. उन्होंने अलोकतांत्रिक एवं पक्षपातपूर्ण रवैये का गंभीर आरोप लगाया है. यह सिर्फ़ कांग्रेस या विपक्ष का मुद्दा नहीं, बल्कि देश के हर उस नागरिक का मुद्दा है जो अपने वोट की ताकत और लोकतांत्रिक अधिकारों में विश्वास रखता है.

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के तथ्यों और सबूतों से यह बात उजागर हुई है कि कर्नाटक की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर एक लाख से अधिक फर्जी मतदाता जोड़े गए, जिनकी वजह से बीजेपी को जीत मिली. हरियाणा विधानसभा चुनाव में बीजेपी को पूरे प्रदेश में कांग्रेस से केवल 22,000 वोट अधिक मिले, जबकि एक सीट पर ही 1 लाख फर्जी वोट जोड़े जाने का खुलासा हुआ. महाराष्ट्र में केवल 5 महीने के भीतर एक करोड़ से अधिक मतदाता बढ़ा दिए गए.

> पटवारी ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा कि आज यह लड़ाई सिर्फ़ कांग्रेस की नहीं, बल्कि हर नागरिक की है. अगर आपके वोट की कीमत खत्म हो गई, तो आपका लोकतांत्रिक अस्तित्व भी खत्म हो जाएगा. हमें मिलकर इस गंदे खेल का पर्दाफाश करना होगा और लोकतंत्र को बचाना होगा. यह समय है कि देश की जनता सवाल करे, बीजेपी और चुनाव आयोग से भी.

## निगम अध्यक्ष सूर्यवंशी करेंगे दो नवीन निवास स्थलों का लोकार्पण

**भोपाल.** राजधानी के चूनाभट्टी स्थित बुद्धभूमि महाविहार मॉनेस्ट्री परिसर में दो नवीन निवास बनकर तैयार हो गए हैं. जिनका 10 अगस्त को नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी लोकार्पण करेंगे. यह कार्यक्रम दोपहर बाद 3 बजे आयोजित होगा. दी बुद्धभूमि धम्मदूत संघ के अध्यक्ष भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो बताया कि यह अवसर धम्म, सेवा और समर्पण की परंपरा को समर्पित है. इसके निर्माण से बाहर से आने वाले लोग ठहर सकेंगे. उन्होंने बौद्ध धर्मावलंबियों से अपील की है कि इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनें.

# सैफ को पैतृक संपत्ति मामले में सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

**भोपाल, 8 अगस्त. बॉलीवुड एक्टर सैफ अली खान को भोपाल स्थित पुश्तैनी संपत्ति विवाद में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है. जबलपुर हाईकोर्ट के आदेश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई है. एक महीने पहले ही जबलपुर हाईकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट को नए सिरे से सुनवाई के निर्देश दिए थे.**

इसके साथ ही ट्रायल कोर्ट के 14 फरवरी 2000 को पारित आदेश को दोषपूर्ण पाते हुए निरस्त कर दिया था. जबलपुर हाईकोर्ट ने यह भी व्यवस्था दी थी कि ट्रायल कोर्ट एक साल की समय सीमा के अंदर प्रकरण का पटाक्षेप करें. यह आदेश हाईकोर्ट ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब मोहम्मद हमीदुल्ला खान की संपत्ति को लेकर चल रहे उत्तराधिकार विवाद को लेकर सुनाया था. अपील नवाब हमीदुल्ला खान के वंशज बेगम सुरैया, नवाबजादी कमरताज राबिया सुल्तान और अन्य की ओर से दायर की गई थी. सैफ के परिवार ने सुप्रीम कोर्ट में की थी अपील इस प्रकरण में मशहूर क्रिकेटर नवाब मंसूर अली खान पटौदी, उनकी पत्नी अभिनेत्री शर्मिला टैगोर, पुत्र सैफ अली खान, बेटियां सबा सुल्तान, सोहा अली खान को पक्षकार बनाया गया था.

# पुलिस के हत्थे चढ़ा 10 हजार का इनामी

**भोपाल. राजधानी भोपाल की कमला नगर थाना पुलिस ने शराब तस्करी और मारपीट के मामले में फरार चल रहे बदमाश को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है.**

आरोपी शुभम सरदार (28) की तलाश थाना कमला नगर, कोलार, टीटी नगर और अन्य थानों को भी थी. इसके साथ ही आरोपी के खिलाफ शहर के थानों में 50 से ज्यादा मामले दर्ज है. वही फरार आरोपी की गिरफ्तारी के बाद कमला नगर थाना पुलिस ने उसका पैदल जुलूस भी निकाल दिया. मामले में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी शुभम सरदार थाना कमला नगर से शराब तस्करी के मामले में फरार चल रहा था. आरोपी की पकड़ के लिए थाना कमला नगर पुलिस मुखबीर सूत्र की मदद ले रही थी. इसके साथ ही आरोपी शुभम सरदार ने फरारी के दौरान थाना कोलार में मारपीट और तलवारबाजी की घटना को अंजाम दिया था. मामले में कमला नगर थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि 8 अगस्त 2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि फरार आरोपी व वारंटी शुभम सरदार संजय कंपलेक्स के पास खड़ा है. इसके बाद थाना कमला नगर नगर पुलिस की टीम ने फरार आरोपी को घेराबंदी कर दबोच लिया.

## पुलिस ने दबोचा फरार 3000 इनामी

**भोपाल.** देहात की ईटखेड़ी पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के जुर्म में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है. जानकारी के मुताबिक ईटखेड़ी पुलिस आरोपी उमेश प्रजापति (34) की धरपकड़ के लिए कई दिनों से प्रयास कर रही थी. सूत्र बताते हैं मामले में ईटखेड़ी थाना पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि थाना ईटखेड़ी से फरार आरोपी उमेश ललिता नगर कोलार के एक मकान में छुपा है. मुखबिर सूत्र पर भरोसा जताते हुए ईटखेड़ी थाना प्रभारी आशीष सप्रे ने आरोपी की गिरफ्तारी के लिए टीम को रवाना किया. जिसके बाद पुलिस ने 3000 इनामी फरार उमेश प्रजापति ललिता नगर स्थित मकान से गिरफ्तार कर लिया.

# कटनी जा रही युवती ट्रेन से लापता



**भोपाल, 8 अगस्त. इंदौर से कटनी जाने के लिए निकली 29 साल की युवती अर्चना तिवारी रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गई है. अर्चना 7 अगस्त की सुबह इंदौर से कटनी के लिए निकली थी.**

वह ट्रेन नंबर 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस के बी-3 कोच में सीट नंबर 3 पर सफर कर रही थी. बताया जा रहा है कि युवती इंदौर से रवाना हुई और भोपाल के रानी कमलापति स्टेशन तक पहुंची, लेकिन इसके बाद ट्रेन में दिखाई नहीं दी. उसका बैग उमरिया स्टेशन पर मिला, लेकिन वह खुद कहां गई. इसका अब तक पता नहीं चल सका है. युवती के परिजन के अनुसार, अर्चना मंगल नगर, कटनी की निवासी है और वर्तमान में इंदौर में रहकर सिविल जज की परीक्षा की तैयारी कर रही थी. साथ ही वकालत भी कर रही थी. ट्रेन में सफर के दौरान परिवार वालों से आखिरी बार उसकी बात सुबह 10.15 बजे हुई थी. तब ट्रेन भोपाल के आसपास थी. इसके बाद से उसका मोबाइल फोन बंद है.

# मप्र बनेगा 'रेयर अर्थ मैटेरियल हब'

## स्वदेशी तकनीकों, अनुसंधान और प्रसंस्करण का लिया जायज़ा

**भोपाल, 8 अगस्त. दुर्लभ खनिजों के खनन और परिशोधन में सशक्त बनाने खनिज संसाधन के प्रमुख सचिव उमाकांत उमराव के नेतृत्व में उच्च-स्तरीय दल ने भोपाल के अचारपुरा इंडियन रेयर अर्थ लिमिटेड के रेयर अर्थ एवं टाइटेनियम थीम पार्क का अवलोकन किया.**

उच्च-स्तरीय दल प्रदेश में रेयर अर्थ खनिजों की संपूर्ण वैल्यू चेन के विकास और सहयोग के अवसर तलाश रहा है. राज्य सरकार की इस टीम ने संयंत्र में स्वदेशी तकनीक से विकसित रेयर अर्थ धातु निष्कर्षण प्रक्रियाओं की जानकारी ली. टीम ने अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का भी अवलोकन किया, जहां उन्नत अनुसंधान, परिशोधन (बेनी फिसिएशन) और प्रसंस्करण तकनीकों के माध्यम से भारत को इस रणनीतिक क्षेत्र में अग्रणी बनाने के प्रयास किये जा रहे हैं. खनिज विभाग और आईआरईएल के बीच भावी सहयोग पर भी चर्चा हुई, जिसमें नीतिगत सहयोग, तकनीकी विकास और औद्योगिक संपर्क को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया. इससे प्रदेश में रेयर अर्थ खनिजों के अन्वेषण, प्रसंस्करण और संबद्ध उद्योगों का सशक्त पारिस्थितिकी तंत्र (इको सिस्टम) विकसित किया जा सके. खनिज विभाग के उच्च-स्तरीय दल का यह दौरा प्रदेश को महत्वपूर्ण खनिज प्रसंस्करण और संबद्ध विनिर्माण के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है. इससे देश को रेयर-अर्थ-मटेरियल के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना कर वैश्विक प्रतिस्पर्धा में सशक्त किये जाने के प्रयासों को सहायता मिलेगी.

**निर्देश** आज शहर के बाजारों में बदली रहेगी ट्रैफिक व्यवस्था

# मुख्य बाजारों में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित



**भोपाल, 8 अगस्त. रक्षाबंधन के त्योहार के मद्देनजर शनिवार को शहर के प्रमुख बाजारों में ट्रैफिक व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है. भीड़ उमड़ने की संभावना के चलते प्रमुख बाजारों के मार्ग परिवर्तित किए गए हैं साथ ही अस्थाई पार्किंग व्यवस्था भी की गई है.**

पुराने भोपाल में ट्रैफिक व्यवस्था जनकपुरी, जुमेराती, छोटे भैया चौराहा, घोड़ा नक्कास, हनुमानगंज और आजाद मार्केट जैसे आंतरिक बाजार क्षेत्रों में लोडिंग वाहनों, ऑटो रिक्शा और चार पहिया वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा.

करोंद, डीआईजी बंगला, सिंधी कॉलोनी और शाहजहांनाबाद से आने वाले चार पहिया वाहन भोपाल टाकीज चौराहे से बाल विहार ग्राउंड में पार्क किए जाएंगे. भारत टॉकीज से आने वाले दो पहिया वाहन केंद्रीय पुस्तकालय मैदान में पार्क होंगे. संगम टॉकीज की ओर से आने वाले चार-पहिया वाहन सब्जी मंडी में पार्क होंगे. लखेरापुरा, रंजन पेन कॉर्नर, इतवारा और अन्य इलाकों से चेक बाजार की ओर जाने वाले वाहन सरस्वती प्रशासन और सदर मंजिल में पार्क किए जा सकेंगे. चौक बाजार में भीड़ बढ़ने पर दो पहिया वाहन भी पार्किंग में स्थानांतरित होंगे. न्यू मार्केट में टीटी नगर थाना चौराहे के पास मल्टी लेवल पार्किंग में वाहन पार्क किए जाएंगे. यातायात के दबाव की स्थिति में रंगमहल चौराहे से थाना चौराहे की ओर और टीटी नगर क्रॉस तिराहे से थाना चौराहे की ओर वाहन का आवागमन परिवर्तित किया जाएगा.

> 10 नंबर मार्केट वन वे रहेगा. वाहन वंदे मातरम् चौराहा से 10 नंबर मार्केट की ओर प्रवेश करेंगे और 10 नंबर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल की ओर जाएंगे. इसके साथ ही, साढ़े 10 नंबर स्टॉप से भी वाहन 10 नंबर मार्केट तिराहा होते हुए नेशनल अस्पताल जाएंगे. वाहनों का आवागमन नेशनल अस्पताल से 10 नंबर मार्केट और फिर वंदे मातरम चौराहे की ओर परिवर्तित रहेगा.

## रानी कमलापति से रीवा के लिए एक ट्रिप स्पेशल ट्रेन

**भोपाल.** रक्षाबंधन पर्व पर यात्रियों की बढ़ती भीड़ को ध्यान में रखते हुए पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल द्वारा रानी कमलापति से रीवा के बीच एक ट्रिप की रक्षाबंधन एक्सप्रेस स्पेशल ट्रेन (01667) चलाई जा रही है. यह ट्रेन यात्रियों की अतिरिक्त सुविधा और सुगम आवागमन सुनिश्चित करने के लिए आज मध्यरात्रि अर्थात 09 अगस्त (शनिवार) 00.40 बजे रानी कमलापति स्टेशन से प्रस्थान करेगी और विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव लेते हुए सुबह 10:50 बजे रीवा पहुँचेगी. इस स्पेशल ट्रेन में कुल 17 कोच लगाए गए हैं, जिनमें 12 स्लीपर श्रेणी कोच, 03 सामान्य श्रेणी, तथा 02 एसएलआर कोच शामिल हैं.

# चोरी करने वाली युवती अरेस्ट

**भोपाल, 8 अगस्त. कोहेफिजा पुलिस ने कारोबारी के घर से चोरी करने वाली महिला नौकरानी को गिरफ्तार कर लिया है. महिला ने काम करते समय मौका पाकर 4 अगस्त को मालिक के घर की अलमारी खोलकर उसमें रखी ज्वेलरी और नकदी चोरी कर ली थी.**

जिसकी शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी महिला की तलाश की और हिरासत में लेकर पूछताछ की. युवती ने चोरी का सामान महाराष्ट्र में रहने वाले मंगेतर को बेचने के लिए दिया था. उसकी निशानदेही पर चोरी का सामान जब्त कर लिया गया है. एसीपी अनिल ने बताया कि फरियादी यासिर अहमद कुरैशी एवं उसकी पत्नी द्वारा अपने घर में काम करने वाली नौकरानी पर शंका व्यक्त की थी. इस संदेह के आधार पर तान्या भार्गव निवासी मल्टी शाहजहांनाबाद को हिरासत में लिया. पूछताछ में उसने बताया कि सोने की ज्वेलरी चोरी कर बेचने के लिए अपने मंगेतर आशीष तुरंकर को दी थी. आशीष नागपुर, महाराष्ट्र का रहने वाला है. महिला की निशानदेही पर नागपुर से आशीष को गिरफ्तार किया गया. उसके कब्जे से सोने के 4 कंगन और 2 चूड़ियां समेत कुल 6 लाख रुपए कीमत का सामान जब्त किया गया है.